चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ

Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सम्बद्धता/28
दिनांक :– 03.4.2024

सेवा में,

सचिव/प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध संस्थान/महाविद्यालय,
सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषयः– उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक सत्र 2024–25 के लिये नये महाविद्यालयों/संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों/संस्थानों में अतिरिक्त विषयों/पाठयक्रमों (बी0एड0 पाठयक्रम को छोडकर) को प्रारम्भ करने हेतु अनापत्ति एवं सम्बद्धता प्रस्तावों के आनलाईन निस्तारण हेतु समय–सारणी।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–2 के पत्र संख्या – 646/सत्तर–2–2024–16(11)/2017 टी0सी0 दिनांक 01,अप्रैल, 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक सत्र 2024–25 के लिये नये महाविद्यालयों/संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों/संस्थानों में अतिरिक्त विषयों/पाठयक्रमों (बी0एड0 पाठयक्रम को छोडकर) को प्रारम्भ करने हेतु अनापत्ति एवं सम्बद्धता प्रस्तावों के आनलाईन निस्तारण हेतु निम्नवत् संशोधित समय – सारणी निर्धारित की गई है:–

क्रम सं0	कार्यवाही	समय– सीमा
01.	विश्वविद्यालय में नये पाठयक्रमों हेतु अनापत्ति प्रस्ताव आनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि	....
02.	विश्वविद्यालय में आनलाईन जमा किये गये प्रस्तावों के भूमि सम्बन्धी अभिलेखों का राजस्व विभाग से सत्यापन कराया जाना।	दिनांक 07 अप्रैल, 2024 तक
03.	अनापत्ति आदेश आनलाईन निर्गत किया जाना	दिनांक 15 अप्रैल, 2024 तक
04.	ऑनलाइन अनापत्ति के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा लिये गये निर्णय के विरूद्ध शासन में अपील करने की अन्तिम तिथि	दिनांक 20 अप्रैल, 2024 तक
05.	शासन में अपील निस्तारित करने की अन्तिम तिथि	दिनांक 30 अप्रैल, 2024 तक
06.	निरीक्षण मण्डल का गठन	दिनांक 15 मई, 2024 तक
07.	निरीक्षण मण्डल द्वारा निरीक्षण आख्या का	दिनांक 05 जून, 2024 तक।

	प्रस्तुत किया जाना	
08.	विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता आनलाईन प्रदान करने की अन्तिम तिथि	दिनांक 20 जून, 2024 तक।
08.	विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता के सम्बन्ध में लिये गये निर्णय के विरूद्ध शासन में अपील करने की अन्तिम तिथि	दिनांक 30 जून, 2024 तक।
09.	शासन स्तर पर अपील निस्तारित करने की अन्तिम तिथि	दिनांक 15 जुलाई, 2024 तक।

शासनादेश दिनांक 15.09.2023, दिनांक 31.01.2024 एवं दिनांक 23.02.2024 के माध्यम से निर्गत शेष दिशा– निर्देश यथावत रहेंगे।

अतः समस्त सम्बन्धित संस्थान/महाविद्यालय उपर्युक्त निर्धारित समय – सारणी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2024–25 से सम्बद्धता हेतु आनलाईन आवेदन https://henoc.upsdc.gov.in पर आवेदन करना सुनिश्चित करें। अन्य किसी प्रकार से प्रेषित अनापत्ति/सम्बद्धता प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
02. जिलाधिकारी महोदय (जनपद– मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, बागपत एवं हापुड) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
03. सचिव कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
04. प्रभारी, वेबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
05. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

प्रधान सहायक (सम्बद्धता)